प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मिली मंजूरी : योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बिना जमानत मिलगा ऋण।
2. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 22 और 23 दिसंबर को आयोजित करेगा आरओ–एआरओ की प्री परीक्षा : 7 और 8 दिसंबर को होगा पीसीएस प्री का इम्तहान।
3. छठ पूजा को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से यात्रियों के लिए आज चलाई 8 विशेष रेल गाड़ियाँ।

और

4. हरदोई में सडक हादसे में छह महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर जताया दुख।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत छात्र उच्च

शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि वित्तीय बाधाओं के कारण देश के युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित ना रह जाएं। बाइट............

*फैमिली की फाइनेंशियल कंडीशन के कारण बहुत होनहार बच्चे कई बार हायर एजुकेशन से वंचित रह जाते है। इसीलिए ये एक बहुत इम्पोर्टेन्ट फैसला लिया गया। आज की किसी भी बच्चे को किसी भी यंग स्टूडेंट को अगर क्वालिटी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन में एडमिशन मिलता है और उसे फाइनान्सेस की जरूरत है तो पी एम विद्यालक्ष्मी के अंतर्गत एक बहुत सिंपल ट्रांसपेरेंट मेथड से कोलैटरल फ्री गारंटर फ्री और 8,00,000 से कम इनकम की फैमिली है। अगर तो उनको एक अच्छे इन्ट्रेस्ट सबवेंशन के साथ ₹10,00,000 तक का लोन बहुत ही कन्वीनियेंट तरीके से मिलेगा।*

पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना की घोषणा से छात्रों औरअभिवावकों में खुशी का माहौल है। गोरखपुर के छात्र संतोष तिवारी ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट...

*भारत सरकार सभी पढ़ने वाले बच्चों के लिए विद्यालक्ष्मी योजना लाई है जिसके कारण छात्रों में बहुत खुशी है क्योंकि छात्रों को कहीं भी बाहर जाकर पढ़ाई करनी होती है तो वहाँ पैसे की आवश्यकता होती है। विद्यालक्ष्मी योजना के द्वारा छात्रों को लोन लेने की सुविधा है। जिससे छात्र आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेंगे और छात्रों का मनोबल बढ़ा रहेगा। इसके लिए हम केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं।*

श्री वैष्णव ने बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय खाद्य निगम के लिए 10 हजार 700 करोड़ रुपये की इक्विटी के निवेश को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा

में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुलभ कराने के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

---------

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी– प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की तिथियों का एलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार आरओ–एआरओ की परोक्षा 22 और 23 दिसंबर को तीन शिफ्टों में होगी जबकि पीसीएस प्री परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो सत्रों में होगी।

आरओ–एआरओ प्री की परीक्षा के लिए 10 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पीसीएस प्री परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में कराई जाएगी । परीक्षा का पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा।

---------

बहराइच और महाराजगंज में मूर्ति विसर्जन के दौरान बीते दिनों हुई हिंसा के बाद जारी ध्वस्तीकरण नोटिस को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया ह। आज न्यायालय ने याची को प्रति उत्तर दाखिल करने का आदेश

दिया। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मामले में विस्तृत विवरण उपलब्ध कराए। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

——————————

प्रदेश मे 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने जा रह उपचुनाव को लेकर गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मिर्ज़ापुर की मझवां सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। वहीं समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल गाज़ियाबाद में जनसभा कर सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने स्थानीय मुददों पर भाजपा पर हमला बोला।

——————————

बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 से 20 नवम्बर तक लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन होगा। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ0 हरिओम ने बताया कि उत्सव में 22 राज्यों के साथ ही दो देशों की टीमें भी हिस्सा लेंगी। बाइट.....

*15 नवंबर से ले के 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के रूप में संगीत नाटक अकादमी में समारोह आयोजित करेंगे और इसमें 22 राज्यों से जनजातीय कलाकारों के आने की हमको सहमति प्राप्त हो गई है और इसके साथ साथ इस स्कूल की इंटरनेशनल डायमेंशन भी हम दे रहे हैं। जिसमें स्लोवाकिया और वियतनाम दो देशों के भी ट्राइबल ग्रुप्स जो आर्टिस्ट ग्रुप हैं, उनको हम इस समारोह में शामिल करेंगे। इसके साथ ही साथ सभी जनपदों में भी आयोजन होंगे। स्कूलों में बच्चों के बीच में भगवान बिरसा मुंडा की अपनी जो जीवन कहानी है, उसके बारे में चर्चा करेंगे। जगह जगह जो जनजातीय जीवन है, जो जनजाति विकास के कार्यक्रम है, उन पर परिचर्चा होगी।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**लोक आस्था के महापर्व छठ के तहत आज खरना का प्रसाद खाने के बाद महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। कल निर्जल उपवास करते हुये छठव्रती अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी और शुक्रवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत**

सम्पन्न करेंगो। उधर नदियों, तालाबों और छठ पर्व के लिये अस्थायो रूप से बनाये गये पोखरों को अर्घ्य देने के लिये तैयार किया जा रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। चंदौली में भी सूर्योपासना का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.........

*लोक आस्था के प्रतीक इस महापर्व की वजह से बाजार में फलों की दुकानें सज गई हैं। व्रती महिलाएं अपने घरों में दिन भर प्रसाद बनाने की तैयारी में जुटी रहीं। आज दिनभर का उपवास के बाद व्रती महिलाओं ने सायंकाल नदी व तालाब के किनारे जाकर स्नान किया और घाट की पूजा की।इसके उपरांत घर पहुंचकर मिट्टी के बने चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर गुड़ व चावल से बने खरना को बनाया। आज रात्रि में खरना का प्रसाद खाने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत व्रतियों द्वारा छठ का उपवास तोड़ा जायेगा। मनोज त्रिपाठी आकाशवाणी समाचार चंदौली।*

———————

त्योहारों में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक लगभग सात हजार विशेष रेलगाडियों का संचालन कर रहा है। इसी क्रम में आज दिल्ली–एनसीआर से दश के विभिन्न हिस्सों के लिए 19 विशेष रेलगाडियां चलाई गईं। उत्तर मध्य रेलवे ने प्रदेश के यात्रियों के लिए आज 8 विशेष गाड़ियाँ चलाईं। वहीं कल 07 विशेष गाड़ियाँ चलाई जाएंगी। इसके साथ ही कल 34 गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजरेंगी।

—————————

प्रदेश में आज अलग अलग सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई है। हरदोई के रोशन पुरगांव के पास आज डीसीएम और ऑटो की टक्कर में छह महिलाओं सहित 10 लोगों की जान चली गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिये दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उधर, मैनपुरी में आज लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए एक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज़ रफ्तार कार के अनियंत्रित होने के कारण हुआ। जौनपुर में दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

—————————

जानी–मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा का कल रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 72वर्ष की थीं। वे पिछले कई दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थी। भोजपुरी और मैथिली लोकगीतों के लिए प्रसिद्ध शारदा सिन्हा को पद्म श्री, पद्म भूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और इसे संगीत जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

(समाप्त)